**फैक्स**

सेवा में:– होम कन्ट्रोल/डीजीपी कन्ट्रोल, लखनऊ/इण्ट कन्ट्रोल/अपर पुलिस महानिदेशक, कानून व्यवस्था/अपर पुलिस महानिदेशक अपराध उ.प्र.लखनऊ/अपर पुलिस महानिदेशक मानवाधिकार/अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन, मेरठ/आयुक्त सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर/पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र सहारनपुर/ जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर/पुलिस अधिक्षक बागपत।

प्रेषक :– वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरनगर।

---

पत्र संख्याः– पीआरओ सैल–सरा0कार्य/2021 दिनॉकः अक्टूबर 06, 2021

---

## प्रेस नोट–जीरो ड्रग्स अभियान

**थाना कोतवाली नगर पुलिस व एसओजी टीम, जनपद मुजफ्फरनगर के द्वारा कार्यवाही करते हुए नकली पाउडर अवैध मेडिसिन (फूड सप्लीमैन्ट) की फैक्ट्री को किया सीज, भारी मात्रा में नकली सप्लीमैन्ट(कीमत लगभग 50 लाख रुपये) बरामद**

अवगत कराना है कि जनपद मुजफ्फरनगर में चलाये जा रहे जीरो ड्रग्स अभियान के अर्न्तगत पुलिस अधीक्षक नगर/अपराध के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण थाना कोतवालीनगर पर नियुक्त उ0नि0 श्री रविन्द्र सिंह उ0नि0 श्री जोगेन्द्र पाल सिंह, है0का0 41 चेतन कुमार, का0 700 अरूण कुमार, का0 446 आदेश कुमार एवं एस0ओ0जी0 टीम के उ0नि0 श्री विनय शर्मा, है0का0 174 अमित तेवतिया, है0का0 366 अशोक खारी, है0का0 जोगेन्द्र कसाना, का0 681 रूपक नागर, का0 1229 गुरनाम सिंह वास्ते देखरेख व रोकथाम जुर्म जरायम तलाश वांछित/वारण्टी अपराधी एवं चैकिंग संदिग्ध वाहन/व्यक्ति में मामरू होकर कादिर राणा की कोठी के पास किदवईनगर में चैकिंग कर रहे थे कि मुखबिर खास सूचना मिली की किदवईनगर में सरईया मस्जिद वाली गली में एक नकली सप्लीमेन्ट तैयार करने की फैक्ट्री चल रही है। इस सूचना पर समस्त पुलिस टीम मय मुखबिर के मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान पर आयी। मुखबिर फैक्ट्री दिखाकर चला गया। समस्त पुलिस टीम ने एक साथ फैक्ट्री के अन्दर प्रवेश किया तो देखा कि 01 व्यक्ति डिब्बों व कैप्सूल में पाउडरनुमा सामान भर रहे तथा 01 व्यक्ति कांटे पर वजन कर रहा है। दो व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर भाग गये तथा मौके से पुलिस टीम द्वारा वजन कर रहे व्यक्ति को पकड लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की जामातलाशी लेते हुए नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम आसिफ सैफी पुत्र शमशेर सैफी निवासी–म0न0–1422/100 किदवईनगर थाना कोतवालीनगर, मुजफ्फरनगर व स्थायी पता–हरसौली पट्टी पुरबालियान थाना मंसूरपुर, मुजफ्फरनगर एवं भागे हुए व्यक्ति का नाम जावेद सैफी पुत्र शमशेर सैफी निवासी उपरोक्त बताया।

**कार्य करने का तरीका** –– गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा बताया गया कि हमने हर्बल पावर फार्मेसी का लाईसेंस ले रखा हैं। इसी लाईसेंस से हम अपने आर्थिक लाभ हेतु मिश्रित सप्लीमेन्ट पाउडर को तैयार कर विभिन्न देशी–विदेशी कम्पनियों के नाम से रैपर/स्टीकर तैयार कराकर डिब्बों, कैप्सूलों, टैबलेट तथा इन्जैक्शन में भरकर मुजफ्फरनगर के साथ हरियाणा और उत्तराखण्ड में सप्लाई करते है।

गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवालीनगर पर मु0अ0सं0–622/21 धारा–420,467,468,471,272,273 भादवि व 60/63 कॉपीराईट अधि0 में पंजीकृत किया गया। पंजीकृत अभियोग की विवेचना उ0नि0 श्री भूपेन्द्र कुमार द्वारा की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता --**

1. आसिफ सैफी पुत्र शमशेर सैफी निवासी-म0न0-1422/100 किदवईनगर थाना कोतवालीनगर, मुजफ्फरनगर व स्थायी पता-हरसौली पट्टी पुरबालियान थाना मंसूरपुर, मुजफ्फरनगर

**फरार अभियुक्तगण का नाम पता --**

1- जावेद सैफी पुत्र शमशेर सैफी निवासी-म0न0-1422/100 किदवईनगर थाना कोतवालीनगर, मुजफ्फरनगर व स्थायी पता-हरसौली पट्टी पुरबालियान थाना मंसूरपुर, मुजफ्फरनगर

**बरामदगी का विवरण --**

- 11 कट्टे प्लास्टिक के प्रत्ये में 25 किग्रा MALTODEXTRIN पाउडर
- 01 कट्टा प्लास्टिक जिसमें 25 किग्रा DEXTROSE MONOHYDRATE पाउडर
- 01 कट्टा प्लास्टिक जिसमें 50 किग्रा DEXTROSE MONOHYDRATE पाउडर
- 01 ड्रम जिसमें 20 किग्रा AMINO ACID पाउडर
- 01 ड्रम जिसमें 15 किग्रा RAGE BCAA पाउडर
- 01 ड्रम जिसमें 25 किग्रा HYDRATEPROTIN पाउडर
- 03 ड्रम प्रत्येक में 05 किग्रा AKOPROFGS BCAA पाउडर
- 64 डिब्बे मिश्रित सप्लीमेन्ट पाउडर
- 01 किग्रा कैप्सूल विभिन्न रंग की पिन्नियों व छोटी डिब्बियों में
- 01 कट्टे में खाली कैप्सूल लाल, काले, सफेद, बैंगनी, नीले, पीले व सुनहरे रंग के वजह करीब 7 किग्रा
- टैबलेट व इंजेक्शन मय सिरिंज विभिन्न कम्पनियों के पैकेट
- 01 इलैक्ट्रानिक कांटा
- 01 कैप्सूल भरने की मशीन
- 01 रैपर लगाने वाली मशीन
- सात बोरे में अलग-अलग देशी-विदेशी कम्पनियों के रैपर
- प्लास्टिक के 05 किग्रा, 02 किग्रा व 500 ग्राम के 800 डिब्बे खाली

**बरामदगी का विवरण --**

- **थाना कोतवालीनगर टीम**
- उ0नि0 श्री रविन्द्र सिंह
- उ0नि0 श्री जोगेन्द्र पाल सिंह
- है0का0 41 चेतन कुमार
- का0 700 अरूण कुमार
- का0 446 आदेश कुमार

**एस0ओ0जी0 टीम**

उ0नि0 श्री विनय शर्मा

है0का0 174 अमित तेवतिया

है0का0 366 अशोक खारी

है0का0 जोगेन्द्र कसाना

का0 681 रूपक नागर

का01229 गुरनाम सिंह

:- **गिरफ्तार अभियुक्तगण <u>शातिर किस्म के ठग व चालशाज प्रवृति</u> के अपराधी है। अभियुक्तगण द्वारा अपराध किये जाने का इकबाल किया गया है। अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा गया है।**

आख्या सादर सूचनार्थ प्रेषित है ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
मुजफ्फरनगर